फिल्म सिटी से फिनटेक सिटी बना यमुना एक्सप्रेसवे कॉरिडोर

लखनऊ। यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) द्वारा विकसित औद्योगिक स्वरूप अब पारंपरिक औद्योगिक प्लॉटिंग से आगे बढ़कर संगठित सेक्टर आधारित आर्थिक ढांचे के रूप में सामने आ रहा है। मेडिकल डिवाइस पार्क, इलेक्ट्रॉनिक्स टॉय सिटी और अपैरल पार्क जैसे प्रोजेक्ट्स के साथ फिल्म सिटी, फिनटेक सिटी और विदेशी साझेदारी से थीम सिटीज मिलकर यमुना एक्सप्रेसवे को बहु क्षेत्रीय औद्योगिक कॉरिडोर में बदल रहे हैं। 350 एकड़ में विकसित मेडिकल डिवाइस पार्क, 200 एकड़ का इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर, 100 एकड़ की टॉय सिटी और 175 एकड़ का अपैरल पार्क श्रम तक की परियोजनाओं को इस तरह डिजाइन किया गया है कि कच्चे माल से लेकर तैयार उत्पाद तक की सप्लाई चेन एक ही कॉरिडोर में विकसित हो सके। लगभग 1000 एकड़ में प्रस्तावित फिल्म सिटी को मीडिया, कंटेंट प्रोडक्शन, पोस्ट प्रोडक्शन और डिजिटल सेवाओं के केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना है। ब्यूरो